## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 04.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन की कार्यवाही जारी, प्रश्नकाल में विधायकों के सवालों के जवाब दे रही है सरकार, बजट के आय–व्यय पर भी आज होगी चर्चा।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एक दिवसीय दौरे पर जायेंगे गिरिडीह, झामुमो के 52वें स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल, कार्यकर्ताओं में उत्साह।**
3. **महाकुंभ के दौरान धनबाद रेल मंडल ने की तीन करोड़ से ज्यादा की कमाई, 76 स्पेशल ट्रेनों का किया गया था परिचालन, लोडिंग में भी रहा बेहतर प्रदर्शन।**
4. **एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने धनबाद में मुखिया को घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक से दस हजार रुपए ले रहे थे रिश्वत।**
5. **आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज, भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होगी भिड़ंत।**

*******************

विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन की कार्यवाही जारी है। प्रथम पाली में प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं पर सवाल पूछ रहे हैं। सरकार की ओर से प्रभारी मंत्रियों की ओर से सवालों के जवाब दिये जा रहे हैं। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाये।

जवाब में विभागीय मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से विशेष पहल की जा रही है।

सत्र के दौरान आज बजट के आय–व्यय पर भी आज चर्चा होगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पोस्ट बजट पर आयोजित तीन वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तकनीक के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के साथ साझेदारी करना चाहती है।

*******************

राज्य में सत्तारुढ़ झामुमो का 52वां स्थापना दिवस आज गिरिडीह में मनाया जायेगा। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार और विधायक कल्पना सोरेन के अलावा पार्टी के कई अन्य बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे।

*******************

धनबाद रेल मंडल ने महाकुंभ के दौरान स्पेशल ट्रेनों से करीब 3 करोड़ 65 लाख रुपये की कमाई की है। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 76 कुम्भ स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं।

*******************

एंटी करप्शन ब्यूरो –एसीबी ने धनबाद जिले के चंद्रपुरा प्रखंड की पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। कमलडीह बस्ती के गोडाइत टोला निवासी रवि कुमार ने एसीबी की हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की थी। मुखिया पर प्रधानमंत्री आवास योजना के सत्यापन के बदले घूस लेने का आरोप है।

*******************

पलामू जिले के मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बैरक से सटे बाथरूम में कैदी की डेड बॉडी गमछे के सहारे फंदे पर लटकी बरामद की गई। जेल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है।

*******************

हजारीबाग की सीमा से सटे कोडरमा के तिलैया डैम और जवाहर घाटी का इलाका एक नए सेल्फी जोन के रुप में विकसित हो रहा है। पर्यटन और मछली उत्पादन के जरिये यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट

*******************

गढ़वा जिले को मछली पालन में आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। इसके लिये मत्स्य विभाग मिशन मोड में कार्य कर रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- रामगढ़ अंचल के हल्का के तीन कर्मचारी अमित लोहरा और मांडू अंचल के नाजिर मंजीत कुमार पर कानूनी कार्रवाई शुरू होगी। एंटी करप्शन ब्यूरो के लिखे गए पत्र के आलोक में डीसी चंदन कुमार ने अभियोजन की स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- गुमला जिले के बिशुनपुर में विकास भारती द्वारा संचालित विकास चिल्ड्रेन एकेडमी में प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- साहिबगंज जिले में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पशुपालन एवं गव्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

**********************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे सुबह और शाम में ठंड का एहसास होगा।

**********************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। एक रिपोर्ट

*********समाप्त*************